पंजाब केसरी 18/10/2025

# जी.एम.एन. कॉलेज ने 48वें जोनल युवा महोत्सव में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

## यह उपलब्धि जी.एम.एन. कॉलेज की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा, सृजनात्मक वातावरण और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम : डॉ. रोहित दत्त



48वें जोनल युवा महोत्सव के विजेता जी.एम.एन. कॉलेज के प्रतिभागियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। (संजय)





48वें जोनल युवा महोत्सव के दौरान प्रस्तुति देते जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थी। (संजय)

अम्बाला, 17 अक्तूबर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों ने 48वें जोनल युवा महोत्सव में अपनी प्रतिभा, मेहनत और समर्पण का उत्कृष्ट प्रदर्शन करके कॉलेज का गौरव बढ़ाया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने सभी विजेता प्रतिभागियों और उनके प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि जी.एम.एन. कॉलेज की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा, सृजनात्मक वातावरण और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कॉलेज के विद्यार्थी भविष्य में भी इसी उत्साह और समर्पण के साथ नई सफलताओं को प्राप्त करेंगे और अपने संस्थान जी.एम.एन. कॉलेज का नाम रोशन करेंगे।

डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि युवा महोत्सव के दौरान उनके कॉलेज के विद्यार्थियों ने लाइट वोकल इंडियन और शास्त्रीय गायन एकल, शास्त्रीय संगीत वाद्ययंत्र एकल तथा फॉक वाद्ययंत्र हरयाणवी एकल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्कृत भाषण प्रतियोगिता में कॉलेज की टीम ने अपनी वाक कला और भाषाई दक्षता का परिचय देकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। फॉक सांग जरनल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा क्विज में तृतीय स्थान प्राप्त किया। हरियाणवी ऑर्केस्ट्रा में कॉलेज के विद्यार्थियों ने पारंपरिक और आधुनिक संगीत का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया और कॉलेज ने तृतीय स्थान अपने नाम किया। इसके अतिरिक्त संस्कृत नाटक में प्रतिभागियों ने मंच पर अभिनय और अभिव्यक्ति की अद्भुत क्षमता दिखाई, जिसने सांस्कृतिक प्रस्तुति को नई ऊंचाइयां दी। इस विधा में भी जी.एम.एन. कॉलेज पीछे नहीं रहा और दूसरा स्थान अपने नाम किया। जी.एम.एन. कॉलेज हरियाणवी स्किट तथा इंग्लिश वाद-विवाद प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रहा, वहीं पश्चिमी वाद्ययंत्र एकल प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहा। हरियाणा के पारम्परिक रीति रिवाज को दर्शाने की प्रतियोगिता रिचुअल्स तथा हरियाणा की पहचान कहा जाने वाले सांग में जी.एम.एन. कॉलेज ने दूसरा स्थान अपने नाम किया।